Time : 2.30 Hours]	PARTS A & B	[Max. Marks : 100
Time : 2.00 Hours]	PART – A	[Marks : 75

सूचना : 1. भाग 'A' प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पत्रिका में ही लिखिए।
2. भाग 'A' के लिए समय दो (2) घंटे. हैं।

1. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों में लिखिए। 6×3 =18

केवल प्रश्न क्र. 6 के लिए choice है।

1) तुलसीदास ने नीच की तुलना साँप से क्यों की?
2) रहीम के अनुसार छोटों की उपेक्षा क्यों नहीं करनी चाहिए?
3) नाग पंचमी का त्यौहार कौन-सी स्मृति दिलाता है?
4) गाँव भारत की रीढ़ क्यों हैं?
5) शक्तिसिंह कौन था? वह किससे बदला लेना चाहता था?
6) i) गाँधीजी के लिए कौन-सी बातें असह्य थीं?

अथवा

ii) निम्नलिखित पद्यों की पूर्ति कीजिए।

अ) एक भरोसो .... चातक तुलसीदास॥

आ) सुख दुःख के .... ओझल हो घन।

2. किसी एक प्रश्न का उत्तर 10 पंक्तियों में लिखिए। 1×10 =10

1) "राहुल की कल्पना" कविता का सारांश अपने शब्दों में दीजिए।
2) भीष्म युधिष्ठिर को क्या संदेश देते हैं?

3. किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए। 1×10 =10

1) राजा जनमेजय का दिल कैसे बदल गया?
2) भारतीय संस्कृति की विशेषताओं के बारे में लिखिए।

4. किसी कालेज में प्रवेश पाने के आशय से उसके प्राचार्य के नाम प्रार्थना पत्र लिखिए। 1×7 =7

अथवा

विहार यात्रा पर जाने के लिए अनुमति और 500 रुपये माँगते हुए पिताजी के नाम पर पत्र लिखिए।

5. किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए। 1×10 =10

1) राष्ट्रभाषा हिन्दी
2) आदर्श नेता
3) दूरदर्शन
4) प्रिय त्यौहार

6. भगवान की स्तुति करने में कवयित्री सुभद्राकुमारी चौहान क्यों असमर्थ हैं? 1×5 =5

अथवा

नारद जी ने इन्द्र के सामने हरिश्चन्द्र के किन गुणों की चर्चा की?

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन (3) प्रश्नों का उत्तर लिखिए। 3×5=15

1) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड कब हुआ? इसके जिम्मेदार कौन थे?
2) सीतारामराजू के व्यक्तित्व निर्माण में किनका हाथ था?
3) वृक्ष मानव से क्या अपेक्षा करते हैं?
4) त्यौहारों से हमें कौन-सा संदेश मिलता है?
5) बीरबल ने अकबर के प्रश्नों का खुलासा किस प्रकार किया?
6) नागार्जुन सागर बाँध का क्या महत्व है?

Time : 30 Mts.] **PART - B** [Marks : 25

सूचना : 1. भाग 'B' के प्रश्नों के उत्तर प्रश्न-पत्रिका पर ही लिखिये।
2. भाग 'B' के लिये समय $\frac{1}{2}$ घंटा है।

प्रश्न क्रमांक 1 से 15 तक उचित उत्तर का "कैपिटल" अक्षर सामने दिये हुए कोष्ठक में लिखिए।

1. तुलसीदास किसके अनन्य भक्त थे। ( )
A) कृष्ण B) राम C) बालाजी D) विष्णु

2. मीराबाई का जीवनकाल क्या था। ( )
A) 1498 - 1573 B) 1489 - 1553
C) 1849 - 1875 D) 1408 - 1537

3. किस काव्य संकलन पर सुमित्रानंदन पंत को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ। ( )
A) मुकुल B) त्रिधारा C) चिदंबरा D) ऊर्वशी

4. भीष्म किसे कर्तव्य निभाने का संदेश देते हैं। ( )
A) भीम को B) दुर्योधन को C) युधिष्ठिर को D) अर्जुन को

5. हमारे मन का भय ही किसका कारण है। ( )
A) आनंद B) अभिमान C) उत्साह D) शंका

6. "इन्द्र सभा" कैसा पाठ है? ( )
A) कहानी B) संवाद C) नाटक D) निबंध

7. धनी बाप के बेटे ने आखिर क्या कमाया? ( )
A) दुअन्नी B) सौ रुपये C) चार आने D) पचास रुपये

8. हम सब किसके नागरिक हैं। ( )
A) जापान के B) अमेरिका के C) भारत के D) रूस के

9. किसके कारण खेती सड़ जाती है। ( )
A) अल्पवृष्टि B) अतिवृष्टि C) धूप D) सर्दी

10. वाष्पमय शरीर किसका है? ( )
A) सागर B) नदी C) आसमान D) मेघ

11. किसकी कुमंत्रणा सिद्ध होनेवाली थी? ( )
A) मानसिंह B) मन्नाजी C) अकबर D) जयसिंह

12. किससे गाँधीजी को धोखा हुआ? ( )
A) मित्रों से B) रिश्तेदारों से
C) बादलों से D) चोरों से

13. बुलबुलों के साथ किसका गाना सुनकर मुसलमान का दिल उछलने लगा? ( )
A) कबूतर B) कोयल
C) तोता D) मैना

14. गलियों से क्या निकल रही है। ( )
A) बदबू B) गाड़ी
C) नाले D) पानी

15. रामजीदास के छोटे भाई का नाम क्या है? ( )
A) रामदास B) गोपालदास
C) गोविंददास D) कृष्णदास

निम्नलिखित सवालों के जवाब कोष्ठक में दी हुई सूचनाओं के अनुसार लिखिए।

16. रहिमन लाख .... सौंप सहज धरि खाय।
(रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

17. <u>बाप</u> ने बेटे को बुलाया।
(रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर पूरा वाक्य लिखिए।)

18. <u>मैं</u> हत्या का अनुमोदन नहीं करसकता।
(रेखांकित शब्द का वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए।)

19. 'विद्याध्ययन' (किन दो शब्दों से बना है?)

20. बड़ा विकट समय था।
(इसमें विशेषण शब्द चुनकर लिखिए।)

21. 'अयोग्य' (इसमें कौन-सा उपसर्ग जुड़ा हुआ है?)

22. धर्म हिन्दुस्तान अनेक हैं में।
(वाक्य को सही क्रम में लिखिए।)

23. शोभन कल यहाँ आया था।
(भविष्यत काल में लिखिए।)

24. 'विजय' (इस शब्द का विलोम शब्द लिखिए।)

25. "फूट-फूटकर रोना" (इस मुहावरे का अर्थ लिखिए।)

* * *